



घड़ियाली जूते

लेखक : आर्थर डौरिस, हिंदी : जलज शर्मा

घड़ियाली जूते

लेखक : आर्थर डौरिस,

हिंदी : जलज शर्मा



ब्रायन, एलन, कैरल, डेव सी.
और डेव डी. के लिए



एल्विन एक घड़ियाल था।





उसे लोगों को देखना अच्छा लगता था।
अधिकतर उसे पैर ही दिखाई देते।

"शायद मुझे भी जूते खरीदने चाहिए,"
एल्विन ने सोचा। "लेकिन कैसे जूते?"



एल्विन एक जूते की दुकान में गया। वह एक के बाद एक जूते देखता रहा। दुकान बंद हो गई।



"मैं अंदर ही बंद हो गया!" एल्विन बोला।



उसने तय किया, "चलो, मैं जूते पहन-पहन कर देखता हूं।"




उसने चरवाहे के जूते पहन कर देखे।




भागने वाले जूते पहने।




नृत्य करने वाले जूते पहने।



पहाड़ पर चढ़ने वाले जूते पहने।



पेड़ पर चढ़ने वाले जूते पहने।



बास्केटबॉल खेलने वाले जूते पहने।




बारिश में पहनने वाले जूते पहने।



साधारण जूते पहने।



रेलगाड़ी में जाने वाले जूते पहने।



सैंडल पहने।



और फिर वह सो गया।




सुबह जब वह उठा तो किसी
ने उसके पैर पकड़ रखे थे।


"मुझे यह घड़ियाली जूते
पसंद हैं," वह बोली।



"यह घड़ियाली जूते नहीं हैं, यह
घड़ियाल का पैर है!" एल्विन ने कहा।



और फिर वह घर को चल दिया।



"मुझे घड़ियाल के पैर किन्हीं भी जूतों से ज्यादा पसंद हैं," एल्विन ने कहा।